कार्यालय जिला न्यायाधीश, महराजगंज

प्रशासनिक आदेश संख्या– 19 /2026

आदेश

पूर्व में पारित प्रशासनिक आदेश संख्या–02/2026, दिनांकित 02–01–2026 द्वारा जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत पांच दिन का स्थानीय अवकाश तथा दो दिन का अतिरिक्त दिवस अवकाश घोषित किया गया है।

उक्त के क्रम में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, महराजगंज के अध्यक्ष द्वारा पत्र दिनांकित 06–01–2026 प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि क्रमशः (1) 'मकर संक्रान्ति' पर्व का स्थानीय अवकाश दिनांक 14–01–2026 (बुद्धवार) को घोषित किया गया है परन्तु उक्त पर्व दिनांक 15–01–2026 (गुरूवार) को तथा (2) 'जमात–उल–विदा (अलविदा)/रमज़ान माह के अन्तिम शुक्रवार' पर्व का स्थानीय अवकाश दिनांक 13–03–2026 (शुक्रवार) को घोषित किया गया है परन्तु उक्त पर्व दिनांक 20–03–2026 (शुक्रवार) को मनाया जाना है। अतएव उक्त स्थानीय अवकाशों को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है।

अतः, जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत वर्ष–2026 हेतु पूर्व में घोषित उक्तांकित 02 स्थानीय अवकाशों मात्र को निम्नवत पुनर्निर्धारित किया जाता है :–

पुनर्निर्धारित स्थानीय अवकाश :–

क्रम	स्थानीय अवकाश के पर्व/दिवस का नाम	पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश का दिनांक/दिन	पुनर्निर्धारित स्थानीय अवकाश का दिनांक/दिन
1	'मकर संक्रान्ति'	दिनांक 14–01–2026 (बुद्धवार)	दिनांक 15–01–2026 (गुरूवार)
2	'जमात–उल–विदा (अलविदा)/रमज़ान माह का अन्तिम शुक्रवार'	दिनांक 13–03–2026 (शुक्रवार)	दिनांक 20–03–2026 (शुक्रवार)

पूर्व में पारित प्रशासनिक आदेश संख्या–02/2026, दिनांकित 02–01–2026 को मात्र उक्त सीमा तक संशोधित किया जाता है और शेष आदेश यथावत रहेगा।

इस आदेश की प्रति को जनसामान्य के सूचनार्थ अधिष्ठान की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना–पट्टों पर प्रदर्शित किया जाय तथा जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज के माध्यम से यथासम्भव सभी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया जाय।

तदनुसार सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाय।

दिनांकः 06–01–2026

जिला न्यायाधीश,
महराजगंज।

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01– प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, महराजगंज।
02– पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज।
03– ज़िला मजिस्ट्रेट, महराजगंज।
04– पुलिस अधीक्षक, महराजगंज।
05– समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण/अनुभागों के प्रभारी अधिकारीगण, जिला न्यायालय, महराजगंज।
06– नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर), जिला न्यायालय, महराजगंज।
07– संयुक्त निदेशक, अभियोजन, महराजगंज।
08– अधीक्षक, जिला कारागार, महराजगंज।
09– जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को सर्वसाधारण के सूचनार्थ समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
10– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, महराजगंज।
11– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, फरेन्दा, महराजगंज।
12– सर्वसाधारण के सूचनार्थ अधिष्ठान के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित किए जाने हेतु।

दिनांकः 06–01–2026

प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जिला न्यायालय, महराजगंज।